Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to run separate trains from Hazrat Nizamuddin, Delhi to Manikpur and Khajuraho.

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर): दिल्ली और मेरे संसदीय क्षेत्र के मध्य यात्रियों का बड़ी संख्या में रेल मार्ग द्वारा दैनिक आवागमन होता रहता है, जिसके कारण रेल में भीड़ भी अधिक रहती है और यात्रियों को काफी असुविधा भी होती है। यात्रियों की समस्या के समाधान के लिए यथाशीघ्र उपाय किये जाने की आवश्यकता है। इस हेतु गाड़ी संख्या 12248 उत्तर सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस में हजरत निजामुद्दीन से खजुराहो जो लिंक एक्सप्रेस के 9 डिब्बे आते हैं, उनको निजामुद्दीन से मानिकपुर गाड़ी से अलग कर दिया जाए और निजामुद्दीन से खजुराहों और मानिकपुर के लिए अलग-अलग ट्रेनों का परिचालन किया जाए जिससे ट्रेन में भीड़ में भी कमी होगी और नई ट्रेन का परिचालन भी नहीं करना पड़ेगा।

पूर्व में भी मेरे द्वारा पत्राचार और व्यक्तिगत भेंट के माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध किया है तथा पुन: आज आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि निजामुद्दीन से मानिकपुर और खजुराहो के लिए अलग-अलग ट्रेनों का संचालन किया जाए।